पंजाब केसरी 20/10/24

सनातन धर्म कॉलेज में चल रहे यूथ फैस्टिवल के दूसरे दिन प्रस्तुति देते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (देवदत्त)

इन कॉलेजों ने मारी बाजी

यूथ फैस्टिवल के दूसरे दिन शनिवार को रिचुअल्स (परम्पराएं) प्रतियोगिता में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम और जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। माइम में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम और एम.डी.एस.डी. कॉलेज अम्बाला शहर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी पॉप सांग में भी सनातन धर्म कॉलेज प्रथम रहा। संस्कृत नाटक की प्रस्तुति में श्री माता मनसा देवी कॉलेज फॉर संस्कृत, पंचकूला ने प्रथम और डी.ए.वी. कॉलेज अम्बाला शहर ले द्वितीय स्थान हासिल किया।

लोकगीत (सामान्य) में जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम, गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी ने द्वितीय और गवर्नमैंट कॉलेज नारायणगढ़ ने तृतीय हासिल किया। लाइट वोकल इंडियन में जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम एवं एस.डी.कॉलेज अम्बाला छावनी रहा। क्लासिकल वोकल सोलो में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम और गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गीत (सामान्य) में भी सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम रहा, जबकि गवर्नमैंट कॉलेज नारायणगढ़ ने द्वितीय और एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला शहर ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में गवर्नमैंट कॉलेज फॉर वूमेन अम्बाला शहर प्रथम, गवर्नमैंट कॉलेज सैक्टर-1 पंचकूला द्वितीय और गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी तृतीय रहे।

ऑन द स्पॉट पेंटिंग में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम और गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम, एम.डी.एस.डी. कॉलेज अम्बाला शहर द्वितीय एवं गवर्नमैंट कॉलेज सैक्टर-1 पंचकूला एवं गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी तृतीय रहे। क्विज में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी, गवर्नमैंट कॉलेज, सैक्टर-1 पंचकूला, जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।

रसिआ नृत्य में एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला शहर प्रथम, सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी द्वितीय एवं डी.ए.वी. कॉलेज अम्बाला शहर तृतीय रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में गवर्नमैंट कॉलेज फॉर वूमेन शहजादपुर प्रथम एवं गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि आर्य गर्ल्स कॉलेज अम्बाला छावनी, सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी एवं गवर्नमैंट कॉलेज सैक्टर 1 पंचकूला ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्ले मॉडलिंग में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम, गवर्नमैंट कॉलेज नारायणगढ़ द्वितीय रहे, जबकि गवर्नमैंट कॉलेज सैक्टर-1 पंचकूला एवं गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी तृतीय स्थान पर रहे।

लोक वाद्य एकल में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम, जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी ने द्वितीय और गवर्नमैंट कॉलेज नारायणगढ़ ने तृतीय स्थान हासिल किया। शास्त्रीय वाद्य एकल (नॉन-पर्कशन) द्वह्यडु सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम, गवर्नमैंट कॉलेज सैक्टर-1 पंचकूला द्वितीय और एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला शहर तृतीय रहे। संस्कृत डेक्लामेशन में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम, एम.पी.एन. कॉलेजए मुलाना ने द्वितीय और आर्य गर्ल्स कॉलेज अम्बाला छावनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। समूह गान हरियाणवी में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम, आर्य गर्ल्स कॉलेज अम्बाला छावनी द्वितीय, गवर्नमैंट कॉलेज कालका तृतीय रहे, जबकि हरियाणवी एकल नृत्य पुरुष श्रेणी में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम, एस.ए. जैन कॉलेज अम्बाला शहर द्वितीय और एम.डी.एस.डी. कॉलेज ने तृतीय स्थान हासिल किया।

शास्त्रीय वाद्य एकल (पर्कशन) में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम, जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी द्वितीय और एम.डी.एस.डी. कॉलेज अम्बाला शहर तृतीय रहे। हिन्दी/हरियाणवी स्किट में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी ने प्रथम, गवर्नमैंट कॉलेज नारायणगढ़ ने द्वितीय और जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। समूह नृत्य सामान्य में सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी प्रथम, गवर्नमैंट कॉलेज फॉर वूमेन सैक्टर-14 पंचकूला द्वितीय और एम.डी.एस.डी. कॉलेज अम्बाला शहर तृतीय स्थान पर रहे।